आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– सरकार के कड़े फैसलों का प्रदेश की 70 फीसदी आबादी पर कोई प्रभाव नहीं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– जनविरोधी और विकास विरोधी सोच के कारण महाराष्ट्र में हारी कांग्रेस।
- प्रदेश हाईकोर्ट की सरकार को राहत– फिलहाल बंद नहीं होगा पर्यटन विकास निगम का कोई भी होटल।
- कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन पर शिमला में 2 दिवसीय मंथन जारी– संगठन में युवा व अनुभव को मिलेगी तरजीह।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि उनकी सरकार द्वारा लिए जा रहे कड़े फैसलों का राज्य की 70 फीसदी आबादी पर कोई असर नहीं होगा। मुख्यमंत्री आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तहत चलौंठी और कोटी में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देशभर में हिमाचल में कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटियों की बात हो रही है लेकिन पूर्व भाजपा सरकार ने गरीबों का हक छीनकर साधन संपन्न लोगों को दे दिया और मुफ्त रेवड़ियां भी बांटी, इसकी कहीं चर्चा नहीं होती है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो राज्य का खजाना खाली था लेकिन अब धीरे–धीरे प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। यही कारण है कि विधानसभा उपचुनाव में राज्य की जनता ने 9 में से 6 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताया है।

<u>सुक्खू</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन महा विकास अगाड़ी की हार के लिए ईवीएम को जिम्मेवार ठहराया है। सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ईवीएम पर बार–बार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को एक बार ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर चुनाव करवाकर देखना चाहिए, ताकि सभी का संदेह दूर हो सके। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विपक्षी दल भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना बजट और आधे अधूरे भवनों का उद्घाटन व शिलान्यास कर दिया था। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार बजट का प्रावधान करने के बाद ही भवनों के उद्घाटन व शिलान्यास कर रही है। मुख्यमंत्री ने ये भी आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है, लेकिन मौजूदा सरकार अब ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर रही है और कड़े फैसले लेगी।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार ईवीएम की वजह से नहीं, बल्कि कांग्रेस की जनविरोधी और विकास विरोधी सोच के कारण हुई है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि पूरे देश की जनता ने कांग्रेस को नकारा है। उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक के मौजूदा दौर में कांग्रेस का हिमाचल में बोला गया झूठ महाराष्ट्र में नहीं छुप सका। यही कारण है कि महाराष्ट्र की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सलाह दी कि वे झूठी गारंटियों, झूठे प्रचार और झूठे जश्न से बाहर निकलकर ज़मीनी हकीकत समझें, क्योंकि कांग्रेस को देश ने नकार दिया है।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि छात्र जीवन शिक्षा प्राप्त कर जीवन को सफल बनाने के साथ–साथ अपने विचारों और भावनाओं को मज़बूत करने का समय होता है। शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शमरोड़ के धारों की धार हाई स्कूल के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षा प्राप्त करने से ही व्यक्ति सफल नहीं होता, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए हम सबको भावनात्मक रूप से मज़बूत बनना ज़रूरी है।

## जगत सिंह नेगी

बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों व बागवानों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। जगत सिंह नेगी आज चंबा ज़िला के भरमौर में परियोजना सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरमौर क्षेत्र में इस वित्त वर्ष के दौरान विकास कार्यों पर लगभग 48 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं।

## होटल

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने घाटे में चल रहे राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को बंद करने के एकल पीठ के आदेशों पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के न्यायधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश राकेश कैंथला की डबल बैंच ने सेवानिवृति लाभ देने में हुई देर से जुड़े मामले में पर्यटन विकास निगम की अपील पर सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। पर्यटन विकास निगम ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि सेवानिवृत मृतक कर्मियों के आश्रितों को उनके तमाम सेवानिवृति लाभ 10 दिनों के भीतर और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के आश्रितों को उनके सेवानिवृति लाभ का 60 से 65 प्रतिशत लाभ एक महीने के भीतर अदा कर दिया जाएगा। इस मामले पर अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी।

## कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर शिमला में पार्टी का मंथन आरंभ हो गया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह–प्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान आज और कल पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने के बाद कांग्रेस हाईकमान को अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके उपरांत ही नई कार्यकारिणी का गठन होगा। प्रतिभा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नई कार्यकारिणी में युवा और अनुभव को तरजीह दी जाएगी। प्रतिभा सिंह ने सरकार के सत्ता में 2 साल पूरे होने के मौके पर मनाए जा रहे जश्न को लेकर अनभिज्ञता जताई और कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, न ही मुख्यमंत्री या किसी अन्य नेता से उनकी इस मामले में बात हुई है।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी का संगठन महापर्व तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है। बिंदल ने आज शिमला में कहा कि 52 दिनों में भाजपा ने पूरे देश में 11 करोड़ 50 लाख सदस्य बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में 16 लाख प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं। उन्होंने इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## कंगना रणौत

मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत के चुनाव के खिलाफ प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आज न्यायाधीश संदीप शर्मा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान कंगना रणौत की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट में अपना जवाब दायर किया। याचिकाकर्ता लायक राम नेगी के अधिवक्ता ने अपना जवाब दायर करने के लिए अदालत से समय मांगा है। इस पर हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 4 सप्ताह बाद तय की है।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निर्णय ले रही है, जिसके सुखद परिणाम शीघ्र ही सामने आएंगे। रोहित ठाकुर आज जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तहत निहारी गरावग संपर्क मार्ग पर बैली ब्रिज के लोकार्पण के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने गरावग से ग्रेई संपर्क मार्ग का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सड़कों का निर्माण ज़रूरी है ताकि सेब बाहुल्य इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके।

## मौसम

प्रदेश के जनजातीय व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बीते 2 दिनों के दौरान हुई हल्की बर्फबारी के बाद राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान में जोरदार गिरावट आई है, जबकि मैदानी इलाकों में लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य में बीते लगभग 2 महीने से वर्षा नहीं हुई है। ऐसे में नकदी फसलों के लिए प्रसिद्ध सोलन ज़िला के किसानों को अब सूखे जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कई क्षेत्रों में 28 नवंबर तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 30 नवंबर से राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व वर्षा की संभावना है।